
# यूपी को सौगात

**सहूलियत**: दिल्ली से बिहार तक का सफर कम समय में पूरा होगा | **संकल्प**: बुंदेलखंड व गंगा एक्सप्रेस वे का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा | **सुविधा**: लड़ाकू विमानों के लिए 3.2 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी

# मोदी ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जनता को सौंपा




**अभिवादन** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करने के लिए मंगलवार को वायुसेना के हरक्यूलिस विमान से सुलतानपुर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में बन रहे राम मंदिर का मॉडल देकर कार्यक्रम स्थल पर स्वागत किया। • हिन्दुस्तान

**36** माह में बनकर तैयार हुआ | **03** साल पहले मोदी ने नींव रखी थी

“ यह एक्सप्रेसवे यूपी को तेज गति से बेहतर भविष्य की ओर ले जाएगा। यह यूपी की प्रगति, नए यूपी के निर्माण, मजबूत होती अर्थव्यवस्था और आधुनिक होती सुविधाओं का प्रतिबिंब है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

“ कोरोना महामारी से पूरा देश प्रभावित हुआ लेकिन प्रधानमंत्री की प्रेरणा से जीवन और जीविका को बचाने के लिए किए प्रबंधन का परिणाम है कि एक्सप्रेस वे बाधाओं के बावजूद बना। -योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

## वायुसेना के एयर शो में गरजे लड़ाकू विमान



**341** किलोमीटर लंबा है पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे लखनऊ से गाजीपुर तक

**22,497** करोड़ रुपये है इस एक्सप्रेस वे परियोजना की लागत

**09** जिलों को उत्तर प्रदेश के जोड़ेगा नवनिर्मित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे

**34** मीटर चौड़ी व 3.20 किमी लम्बी एयर स्ट्रिप बनी है एक्सप्रेस वे पर

**13** स्थानों पर एक्सप्रेस वे पर प्रवेश व निकासी के लिए इंटरचेंज की सुविधा

लखनऊ | विशेष संवाददाता

गाजीपुर से लखनऊ को जोड़ने वाला 341 किमी लम्बा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे मंगलवार को जनता के लिए खोल दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुलतानपुर के करवल खीरी में इस एक्सप्रेस वे का उद्घाटन किया। इस एक्सप्रेस-वे को बनाने में 36 महीने का वक्त लगा है। अपने उद्घाटन भाषण की शुरुआत प्रधानमंत्री ने अवधी मिश्रित भोजपुरी से की और कहा कि यह एक्सप्रेस वे यूपी को तेज गति से बेहतर भविष्य की ओर ले जाएगा।

**विपक्ष पर हमला**: प्रधानमंत्री ने कहा कि ये यूपी की मजबूत होती अर्थव्यवस्था का एक्सप्रेस वे है। यूपी के पिछड़ेपन के लिए उन्होंने पिछली सरकारों पर भी हमला बोला और कहा कि उनका विकास उनके परिवार और घर तक सीमित था। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री सी-130 हरक्युलिस विमान से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर उतरे।

**योगी की सराहना**: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, 'जैसे-जैसे उत्तरप्रदेश में एक्सप्रेस-वे तैयार होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे यहां इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का काम शुरू हो रहा है। नये उद्योग जल्द लगने शुरू हो जाएंगे और 21 जगहों को चिह्नित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इन एक्सप्रेस-वे के किनारे जो शहर बसे हैं उसमें खाद्य प्रसंस्करण, कोल्ड स्टोरेज, भंडारण, इनसे जुड़ी गतिविधियां बढ़ने वाली हैं। उन्होंने कहा कि फार्मा, इलेक्ट्रिकल, टेक्सटाइल, हैंडलूम, फर्नीचर इन सभी कारोबार को उत्तर प्रदेश में बनने वाले नये एक्सप्रेस-वे नई ऊर्जा देने वाले हैं।

**विकास की जीवनरेखा**: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत को दुनिया के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए उत्तर प्रदेश अपना सहयोग करने में जुटा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे इसमें एक बड़ा माध्यम साबित होगा। यह एक्सप्रेस वे केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास की जीवन रेखा भी बनेगा। योगी ने कहा कि साढ़े चार वर्ष में प्रदेश में विकास और आधारभूत ढांचा की दिशा में जो नये कार्य हुए हैं, वह सबके सामने हैं। उन्होंने कहा कि आज पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन हो रहा है और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निर्माण तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा गंगा एक्सप्रेस-वे का कार्य कुछ ही दिन में प्रारंभ होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर और बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे उसी विकास का हिस्सा बनने जा रहे हैं।

**नौ जिले जुड़ेंगे**: पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से नौ जिले गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, सुलतानपुर, अमेठी, बाराबंकी, लखनऊ जिले जुड़ेंगे।

**शौर्य प्रदर्शन**: एक्सप्रेस वे पर बनी हवाई पट्टी पर एयर शो हुआ। इसमें इसमें राफेल, सुखोई, फाइटर जेट, जगुआर और मिराज जैसे लड़ाकू विमानों ने टच एंड गो ऑपरेशन किया मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री को ओडीओपी के तहत मूंज की बनी राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, भाजपा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री जयप्रताप सिंह, धर्मवीर प्रजापति व सांसद मेनका गांधी भी मौजूद रहीं।

➤ विशेष कवरेज पेज 07 व 08